futuretopper.in

Series QSS4R/4

Set – 3

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code 67/4/3

अनुक्रमांक
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **31** हैं ।*
- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं ।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।*
- ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।***
- *इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।*
- *Please check that this question paper contains **31** printed pages.*
- *Please check that this question paper contains **34** questions.*
- *Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.*
- ***Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.***
- *15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.*

लेखाशास्त्र
ACCOUNTANCY

*निर्धारित समय : **3** घण्टे*
*Time allowed : **3** hours*

*अधिकतम अंक : **80***
*Maximum Marks : **80***

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :

(1) इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।

(2) यह प्रश्न-पत्र **दो** भागों में विभाजित है : **भाग – क** तथा **भाग – ख** ।

(3) **भाग – क** सभी परीक्षार्थियों के लिए **अनिवार्य** है ।

(4) **भाग – ख** में **दो** विकल्प हैं अर्थात् – (I) वित्तीय विवरणों का विश्लेषण तथा (II) अभिकलित्र लेखांकन । परीक्षार्थियों को **भाग – ख** में चयनित विषय के अनुसार केवल **एक** ही विकल्प के प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं ।

(5) प्रश्न संख्या **1** से **16** तथा **27** से **30** **एक** अंक के प्रश्न हैं ।

(6) प्रश्न संख्या **17** से **20** तक तथा **31** एवं **32** लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **तीन** अंकों का है ।

(7) प्रश्न संख्या **21, 22** तथा **33** दीर्घ उत्तरीय प्रकार-I के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **चार** अंकों का है ।

(8) प्रश्न संख्या **23** से **26** तथा **34** दीर्घ उत्तरीय प्रकार-II के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **छः** अंकों का है ।

(9) प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि, **एक** अंक के **7** प्रश्नों में, **तीन** अंकों के **2** प्रश्नों में, **चार** अंकों के **1** प्रश्न में तथा **छः** अंकों के **2** प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का चयन दिया गया है ।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

General Instructions :

Read the following instructions carefully and strictly follow them :

(1) *This question paper contains **34** questions. **All** questions are compulsory.*

(2) *This question paper is divided into **two** Parts : **Part – A** and **Part – B**.*

(3) ***Part – A** is **compulsory** for all candidates.*

(4) ***Part – B** has **two** options i.e. (I) Analysis of Financial Statements and (II) Computerised Accounting. Candidates must attempt only **one** of the given options as per the subject opted in Part – B.*

(5) *Question numbers **1** to **16** and **27** to **30** carry **1** mark each.*

(6) *Question numbers **17** to **20, 31** and **32** are short answer type questions. Each carries **3** marks.*

(7) *Question numbers **21, 22** and **33** are long answer type-I questions. Each carries **4** marks.*

(8) *Question numbers **23** to **26** and **34** are long answer type-II questions. Each carries **6** marks.*

(9) *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in **7** questions of **one** mark, **2** questions of **three** marks, **1** question of **four** marks and **2** questions of **six** marks.*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

भाग – क
(साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

1. (a) अर्नव लिमिटेड ने ₹ 24,00,000 की परिसम्पत्तियों का क्रय किया । क्रय मूल्य का भुगतान इसने ₹ 100 प्रत्येक के 9% ऋणपत्रों को 4% बट्टे पर निर्गमित करके किया । विक्रेता को निर्गमित किए गए ऋणपत्रों की संख्या थी :

(A) 24,000 (B) 25,000
(C) 30,000 (D) 28,000 **1**

अथवा

(b) 1 मई, 2023 को अमृत लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के, 10,000, 10% ऋणपत्रों को 10% प्रीमियम पर निर्गमित किया जिनका शोधन 10% प्रीमियम पर किया जाएगा । ऋणपत्रों के निर्गमन पर हानि की राशि होगी :

(A) ₹ 2,00,000 (B) ₹ 1,30,000
(C) ₹ 1,00,000 (D) ₹ 80,000 **1**

2. गुप्ता तथा शर्मा एक फ़र्म के साझेदार हैं तथा 4:1 के अनुपात में लाभ बाँटते हैं । उन्होंने लाभों में 1/4 भाग के लिए प्रीति को एक नया साझेदार बनाया, जिसे उसने पूर्णतः गुप्ता से प्राप्त किया । गुप्ता, शर्मा तथा प्रीति का नया लाभ विभाजन अनुपात होगा :

(A) 2:1:1 (B) 11:4:5
(C) 3:3:2 (D) 7:5:4 **1**

3. एक साझेदारी फ़र्म के विघटन पर ₹ 34,000 के देनदार थे । ₹ 1,000 के देनदार डूब गए तथा शेष देनदारों से 60% की वसूली की गई । देनदारों से वसूली पर कौन से खाते को नाम किया जाएगा तथा कितनी राशि से ?

(A) वसूली खाता ₹ 33,000 से (B) लाभ–हानि खाता ₹ 1,000 से
(C) रोकड़ खाता ₹ 19,800 से (D) देनदार खाता ₹ 14,200 से **1**

4. ₹ 1,50,000 की शुद्ध परिसंपत्तियों के क्रय प्रतिफल के लिए यदि विक्रेता को ₹ 1,25,000 के पूर्ण प्रदत्त अंशों/शेयरों का निर्गमन किया जाता है तब ₹ 25,000 के शेष को जमा किया जाएगा :

(A) लाभ–हानि विवरण में (B) ख्याति खाते में
(C) पूँजी संचय खाते में (D) लाभ–हानि समायोजन खाते में **1**

5. (a) रिया, रीता तथा रेणू एक फ़र्म की साझेदार थीं । 31 मार्च, 2023 को रेणू सेवानिवृत्त हो गई । रेणू को देय राशि ₹ 2,17,000 का हस्तांतरण उसके ऋण खाते में कर दिया गया । रेणू ने इस राशि पर साझेदारी अधिनियम, 1932 के प्रावधानों के अनुसार ब्याज लेने पर सहमति दी । वह दर जिस पर रेणू को ब्याज देय होगा, वह है :

(A) 9% वार्षिक (B) 6% वार्षिक
(C) 12% वार्षिक (D) 10% वार्षिक **1**

अथवा

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

PART – A
(Accounting for Partnership Firms and Companies)

1. (a) Arnav Ltd. purchased assets worth ₹ 24,00,000. It issued 9% debentures of ₹ 100 each at a discount of 4% for payment of the purchase consideration. The number of debentures issued to vendor were :

(A) 24,000 (B) 25,000
(C) 30,000 (D) 28,000 **1**

OR

(b) On 1st May, 2023, Amrit Ltd. issued 10,000, 10% debentures of ₹ 100 each at a premium of 10% redeemable at a premium of 10%. Loss on issue of debentures will be :

(A) ₹ 2,00,000 (B) ₹ 1,30,000
(C) ₹ 1,00,000 (D) ₹ 80,000 **1**

2. Gupta and Sharma are partners in a firm sharing profit in the ratio of 4:1. They admitted Preeti as a new partner for 1/4th share in the profits, which she acquired wholly from Gupta. New profit sharing ratio of Gupta, Sharma and Preeti will be :

(A) 2:1:1 (B) 11:4:5
(C) 3:3:2 (D) 7:5:4 **1**

3. On the dissolution of a partnership firm there were debtors of ₹ 34,000. Debtors of ₹ 1,000 became bad and 60% was realized from the remaining debtors. Which account will be debited and by how much amount on the realisation from debtors ?

(A) Realisation A/c by ₹ 33,000 (B) Profit & Loss A/c by ₹ 1,000
(C) Cash A/c by ₹ 19,800 (D) Debtors A/c by ₹ 14,200 **1**

4. If vendors are issued fully paid shares of ₹ 1,25,000 in purchase consideration of net assets of ₹ 1,50,000, the balance of ₹ 25,000 will be credited to :

(A) Statement of Profit and Loss
(B) Goodwill Account
(C) Capital Reserve Account
(D) Profit and Loss Adjustment Account **1**

5. (a) Riya, Rita and Renu were partners in a firm. On 31st March, 2023 Renu retired. The amount payable to Renu ₹ 2,17,000 was transferred to her loan account. Renu agreed to receive interest on this amount as per the provisions of Partnership Act, 1932. The rate at which interest would be paid to Renu is :

(A) 9% p.a. (B) 6% p.a.
(C) 12% p.a. (D) 10% p.a. **1**

OR

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

(b) रवि, वानी तथा टोनी एक फ़र्म में बराबर-बराबर के साझेदार थे । वानी की सेवानिवृत्ति के पश्चात् रवि तथा टोनी के पूँजी शेष क्रमशः ₹ 1,56,000 तथा ₹ 1,08,000 थे । फ़र्म की नई पूँजी ₹ 2,80,000 निर्धारित की गई । यह निर्णय लिया गया कि पूँजी शेष साझेदारों के लाभ विभाजन अनुपात में होगी । अपनी नई पूँजी में कमी के लिए टोनी _____ लाएगा ।

(A) ₹ 40,000 (B) ₹ 12,000
(C) ₹ 20,000 (D) ₹ 32,000 **1**

6. कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार प्रतिभूति प्रीमियम का उपयोग निम्न में से किसके लिए नहीं किया जा सकता :

(A) अंशों/शेयरों को पुनः क्रय करने के लिए
(B) आंशिक प्रदत्त बोनस अंशों/शेयरों के निर्गमन के लिए
(C) ऋणपत्रों के निर्गमन पर बट्टे को अपलिखित करने के लिए
(D) आरंभिक व्ययों को अपलिखित करने के लिए **1**

7. (a) विशांत लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 6,000 समता अंशों/शेयरों को 10% प्रीमियम पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए । निर्गम पूर्ण रूप से अभिदत्त हो गया । प्रति अंश/शेयर राशि का भुगतान निम्न प्रकार से देय था :

आवेदन पर – ₹ 3, आबंटन पर – ₹ 3 (प्रीमियम सहित), प्रथम याचना पर – ₹ 3 तथा अन्तिम याचना पर – ₹ 2 । 200 अंशों/शेयरों के एक धारक आशीष ने आबंटन के साथ ही संपूर्ण राशि का भुगतान कर दिया । आबंटन पर प्राप्त कुल राशि थी :

(A) ₹ 18,000 (B) ₹ 19,000
(C) ₹ 25,000 (D) ₹ 21,000 **1**

अथवा

(b) एम लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 5,000 समता अंशों/शेयरों का, जिन्हें 10% प्रीमियम पर निर्गमित किया गया था, ₹ 2 प्रति अंश/शेयर की अन्तिम याचना का भुगतान नहीं करने पर हरण (Forfeit) कर लिया । वह न्यूनतम राशि जिस पर इन अंशों/शेयरों को पूर्ण प्रदत्त पुनः निर्गमित किया जा सकता है, होगी :

(A) ₹ 5,000 (B) ₹ 10,000
(C) ₹ 12,000 (D) ₹ 50,000 **1**

8. (a) निम्न में से कौन सी मद का लेखा लाभ-हानि विनियोग खाते में नहीं किया जा सकता है ?

(A) पूँजी पर ब्याज
(B) आहरण पर ब्याज
(C) साझेदारों को भुगतान किया गया किराया
(D) साझेदार का वेतन **1**

अथवा

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

(b) Ravi, Vani and Toni were equal partners in a firm. After the retirement of Vani, the capital balances of Ravi and Toni were ₹ 1,56,000 and ₹ 1,08,000 respectively. The new capital of the firm was determined at ₹ 2,80,000. It was decided that the capital will be in proportion of the profit sharing ratio of the remaining partners. Toni will bring _____ for deficiency of his new capital.

(A) ₹ 40,000 (B) ₹ 12,000
(C) ₹ 20,000 (D) ₹ 32,000 **1**

6. As per the provisions of Companies Act, 2013 Securities Premium cannot be utilized for :

(A) buy back of shares
(B) issue of partly paid bonus shares
(C) writing off discount on issue of debentures
(D) writing off preliminary expenses **1**

7. (a) Vishant Ltd. invited applications for issuing 6,000 equity shares of ₹ 10 each at 10% premium. The issue was fully subscribed. The amount per share was payable as follows :

On application - ₹ 3, on allotment - ₹ 3 (including premium), on first call - ₹ 3 and on final call - ₹ 2. Ashish the holder of 200 shares paid the entire money along with allotment. The total amount received on allotment was :

(A) ₹ 18,000 (B) ₹ 19,000
(C) ₹ 25,000 (D) ₹ 21,000 **1**

OR

(b) M Ltd. forfeited 5,000 equity shares of ₹ 10 each issued at a premium of 10% for non-payment of final call of ₹ 2 per share. The minimum amount at which these shares can be reissued as fully paid up will be :

(A) ₹ 5,000 (B) ₹ 10,000
(C) ₹ 12,000 (D) ₹ 50,000 **1**

8. (a) Which one of the following items is not dealt through Profit and Loss Appropriation Account ?

(A) Interest on Capital (B) Interest on Drawings
(C) Rent paid to partners (D) Partner's salary **1**

OR

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

(b) एक साझेदार के प्रवेश के समय फ़र्म का स्थिति विवरण ₹ 80,000 का कर्मचारी क्षतिपूर्ति संचय दर्शा रहा था । कर्मचारी क्षतिपूर्ति का ₹ 1,00,000 के दावे का अनुमान लगाया गया । ₹ 20,000 की कमी को :

(A) पुनर्मूल्यांकन खाते में नाम किया जाएगा ।

(B) पुनर्मूल्यांकन खाते में जमा किया जाएगा ।

(C) साझेदारों के पूँजी खातों में नाम किया जाएगा ।

(D) साझेदारों के पूँजी खातों में जमा किया जाएगा । **1**

9. विष्णु तथा मीशू एक फ़र्म के साझेदार हैं । मीशू प्रत्येक तिमाही के अंत में एक निश्चित राशि का आहरण करता है । आहरण पर ब्याज 15% वार्षिक दर से प्रभारित किया जाता है । वर्ष के अन्त में मीशू के आहरण पर ब्याज ₹ 9,000 था । मीशू के आहरण पर ब्याज प्रभारित किया गया था :

(A) 6 महीने से (B) 7½ महीने से

(C) 4½ महीने से (D) 4 महीने से **1**

निम्नलिखित काल्पनिक स्थिति को पढ़िए और प्रश्न संख्या **10** एवं **11** के उत्तर दीजिए :

अदिति तथा सौरभ एक फ़र्म में साझेदार थे तथा 2:1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे । 1 अप्रैल, 2022 को उनकी पूँजी क्रमशः ₹ 5,00,000 तथा ₹ 4,00,000 थी । 31 मार्च, 2023 को समाप्त हुए वर्ष में, कोई भी समायोजन करने से पूर्व फ़र्म ने ₹ 81,000 का शुद्ध लाभ अर्जित किया । साझेदारी संलेख के अनुसार पूँजी पर ब्याज 10% वार्षिक दर से दिया जाएगा ।

10. अदिति की पूँजी पर ब्याज होगा :

(A) ₹ 50,000 (B) ₹ 45,000

(C) ₹ 40,500 (D) ₹ 54,000 **1**

11. अदिति एवं सौरभ को पूँजी पर ब्याज निम्नलिखित में से किस अनुपात में दिया जाएगा ?

(A) 5:4 (B) 2:1

(C) 1:1 (D) 8:1 **1**

12. (a) वन्या तथा आन्या एक फ़र्म की साझेदार थीं तथा 3:2 के अनुपात में लाभ तथा हानि बाँटती थीं । उनकी पूँजी क्रमश: ₹ 5,00,000 तथा ₹ 1,00,000 थी । वन्या 8% वार्षिक दर से पूँजी पर ब्याज की अधिकारी थी तथा आन्या ₹ 5,000 प्रति माह की दर से वेतन की अधिकारी थी । किसी भी समायोजन से पूर्व शुद्ध लाभ ₹ 1,75,000 था । विभाजित किए जाने वाले लाभ में वन्या का भाग होगा :

(A) ₹ 45,000 (B) ₹ 30,000

(C) ₹ 37,500 (D) ₹ 40,000 **1**

अथवा

(b) ओंकार तथा शिवा एक फ़र्म के साझेदार थे । ओंकार ₹ 20,000 वार्षिक वेतन का अधिकारी था; जबकि शिवा ₹ 50,000 वार्षिक वेतन का अधिकारी था । ओंकार और शिवा का वेतन प्रभारित करने के बाद 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष का शुद्ध लाभ ₹ 5,60,000 था । ओंकार के पूँजी खाते में जमा की जाने वाली कुल राशि होगी :

(A) ₹ 2,45,000 (B) ₹ 2,65,000

(C) ₹ 3,15,000 (D) ₹ 3,00,000 **1**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

(b) At the time of admission of a partner, the Balance Sheet of the firm showed a workmen compensation reserve of ₹ 80,000. The claim for workmen compensation was estimated at ₹ 1,00,000. The shortfall of ₹ 20,000 will be :

(A) debited to Revaluation Account
(B) credited to Revaluation Account
(C) debited to Partners' Capital Accounts
(D) credited to Partners' Capital Accounts **1**

9. Vishnu and Mishu are partners in a firm. Mishu draws a fixed amount at the end of every quarter. Interest on drawings is charged @ 15% p.a. At the end of the year interest on Mishu's drawings amounted to ₹ 9,000. Interest on drawings was charged on drawings of Mishu for :

(A) 6 months (B) 7 ½ months
(C) 4 ½ months (D) 4 months **1**

Read the following hypothetical situation and answer questions **10** and **11**.

Aditi and Saurabh were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2:1. On 1st April, 2022 their capitals were ₹ 5,00,000 and ₹ 4,00,000 respectively. Before any appropriation, the firm earned a Net profit of ₹ 81,000 for the year ended 31st March, 2023. According to the partnership deed, interest on capital was to be provided @ 10% p.a.

10. Interest on Aditi's capital will be :

(A) ₹ 50,000 (B) ₹ 45,000
(C) ₹ 40,500 (D) ₹ 54,000 **1**

11. Interest on capital will be provided to Aditi and Saurabh in which of the following ratio ?

(A) 5:4 (B) 2:1
(C) 1:1 (D) 8:1 **1**

12. (a) Vanya and Aanya were partners in a firm sharing profit and losses in the ratio of 3:2. Their capital were ₹ 5,00,000 and ₹ 1,00,000 respectively. Vanya was entitled to interest on capital @ 8% p.a. and Aanya was entitled to salary @ ₹ 5,000 per month. The net profit before any appropriation was ₹ 1,75,000. Vanya's share in divisible profit will be :

(A) ₹ 45,000 (B) ₹ 30,000
(C) ₹ 37,500 (D) ₹ 40,000 **1**

OR

(b) Omkar and Shiva were partners in a firm. Omkar was entitled to a salary of ₹ 20,000 p.a. while Shiva was entitled to a salary of ₹ 50,000 p.a. Net profit for the year ended 31st March, 2023 after charging salary of Omkar and Shiva was ₹ 5,60,000. The total amount credited to Omkar's capital account will be :

(A) ₹ 2,45,000 (B) ₹ 2,65,000
(C) ₹ 3,15,000 (D) ₹ 3,00,000 **1**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

13. कान्हा, रेशम तथा निशा एक फ़र्म के साझेदार थे । निशा ने फ़र्म को 10% वार्षिक दर से ₹ 1,00,000 का ऋण दिया था । फ़र्म का लेखापाल ऋण पर 6% वार्षिक दर से ब्याज देने के लिए जोर दे रहा है । निशा को किस दर से ऋण पर ब्याज दिया जाएगा ?

(A) 6% वार्षिक
(B) 10% वार्षिक
(C) 8% वार्षिक
(D) ऋण पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा । **1**

14. **अभिकथन (A) :** वाहक ऋणपत्रों पर ब्याज का भुगतान उस व्यक्ति को किया जाता है जो इस प्रकार के ऋणपत्रों में संलग्न ब्याज कूपन को प्रस्तुत करते हैं ।

कारण (R) : वाहक ऋणपत्रों को सुपुर्दगी के द्वारा हस्तान्तरित किया जा सकता है और कम्पनी ऐसे ऋणपत्र धारकों का कोई रिकॉर्ड नहीं रखती है ।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।
(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है ।
(D) अभिकथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है । **1**

15. आदित्य, विशेष तथा निमेष एक फ़र्म के साझेदार थे तथा लाभ-हानि बराबर-बराबर बाँटते थे । 1 जुलाई, 2023 को आदित्य की मृत्यु हो गई । शेष साझेदारों ने फ़र्म का व्यवसाय चालू रखने का निर्णय किया तथा भविष्य में लाभों को 4:3 के अनुपात में बाँटने का निर्णय लिया । विशेष तथा निमेष का अधिलाभ अनुपात होगा :

(A) 4:3
(B) 3:2
(C) 5:2
(D) 1:1 **1**

16. **अभिकथन (A) :** स्थायी पूँजी विधि के अन्तर्गत, साझेदारों के पूँजी खाते सदैव ज़मा शेष दर्शाते हैं ।

कारण (R) : स्थायी पूँजी विधि के अन्तर्गत, सभी मदों जैसे लाभ या हानि का भाग, पूँजी पर ब्याज़, आहरण, आहरण पर ब्याज़, का लेखा एक अलग खाते में किया जाता है जो साझेदारों के चालू खाते कहलाते हैं ।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।
(B) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है ।
(D) अभिकथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है । **1**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

13. Kanha, Resham and Nisha were partners in a firm. Nisha had given a loan of ₹ 1,00,000 to the firm @ 10% p.a. The accountant of the firm is emphasizing that interest on loan will be paid @ 6% p.a. At what rate the interest on loan will be paid to Nisha ?

(A) 6% p.a. (B) 10% p.a.

(C) 8% p.a. (D) No interest on loan will be paid. **1**

14. **Assertion (A) :** Interest on bearer debentures is paid to a person who produces the interest coupon attached to such debentures.

Reason (R) : Bearer debentures are transferred by way of delivery and the company does not keep any record of these debenture holders.

Choose the correct option from the following :

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct but Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is correct, but Reason (R) is incorrect.

(D) Assertion (A) is incorrect, but Reason (R) is correct. **1**

15. Aditya, Vishesh and Nimesh were partners in a firm sharing profits and losses equally. Aditya died on 1st July, 2023. Remaining partners decided to continue the business of the firm and decided to share future profits in the ratio of 4:3. The gaining ratio of Vishesh and Nimesh will be :

(A) 4:3 (B) 3:2

(C) 5:2 (D) 1:1 **1**

16. **Assertion (A) :** Under the fixed capital method, partners' capital accounts always show a credit balance.

Reason (R) : Under the fixed capital method, all items like share of profit or loss, interest on capital, drawings, interest on drawings are recorded in a separate account called partners' current account.

Choose the correct alternative from the following :

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are correct, but Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is correct, but Reason (R) is incorrect.

(D) Assertion (A) is incorrect, but Reason (R) is correct. **1**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

17. नीता, मीता तथा करन एक फ़र्म के साझेदार थे तथा 4:3:3 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे । 1 अप्रैल, 2023 से उन्होंने लाभों को 1:2:2 के अनुपात में विभाजित करने के लिए सहमति दी । उस तिथि को फ़र्म की पुस्तकों में ₹ 70,000 का सामान्य संचय था ।

यह सहमति हुई कि :

(i) फ़र्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 1,00,000 किया जायेगा ।

(ii) सम्पत्तियों के पुनर्मूल्यांकन तथा देयताओं के पुनर्निर्धारण पर हानि की राशि ₹ 40,000 थी ।

फ़र्म की पुस्तकों में उपरोक्त लेन-देनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । **3**

18. (a) आयुष तथा कृष साझेदार हैं तथा लाभ बराबर-बराबर बाँटते हैं । उन्होंने लाभ में बराबर भाग के लिए वंश को नया साझेदार बनाने का निर्णय लिया । इस उद्देश्य के लिए फ़र्म की ख्याति का मूल्यांकन अधिलाभों के चार वर्षों के क्रय के आधार पर किया जाना था ।

31.3.2023 को वंश के प्रवेश से पूर्व फ़र्म का स्थिति विवरण निम्न प्रकार था :

31.3.2023 को आयुष तथा कृष का स्थिति विवरण

देयताएँ		राशि (₹)	परिसम्पत्तियाँ	राशि (₹)
पूँजी :			मशीनरी	75,000
आयुष	90,000		फर्नीचर	15,000
कृष	50,000	1,40,000	स्टॉक	30,000
सामान्य संचय		20,000	देनदार	20,000
ऋण		25,000	नगद	50,000
लेनदार		5,000		
		1,90,000		**1,90,000**

प्रतिफल की सामान्य दर 12% वार्षिक है । फ़र्म का पिछले चार वर्षों का औसत लाभ ₹ 30,000 था । ख्याति में वंश के भाग की गणना कीजिए । **3**

अथवा

(b) वरुण, तरुण, अरुण तथा बरुण एक फ़र्म के साझेदार थे तथा 5:3:2:2 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 31 मार्च, 2023 को अरुण सेवानिवृत्त हो गया । वरुण, तरुण तथा बरुण ने भविष्य में लाभ बराबर-बराबर बाँटने का निर्णय लिया । अरुण के सेवानिवृत्त होने पर फ़र्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 9,00,000 किया गया ।

अपने कार्य को स्पष्टता से दर्शाते हुए, ख्याति खाता खोले बिना ख्याति के लेखांकन के लिए अरुण की सेवानिवृत्ति पर आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टि कीजिए । **3**

19. (a) महेश लिमिटेड ने ईश लिमिटेड से ₹ 4,50,000 का संयंत्र तथा मशीनरी का क्रय किया । ईश लिमिटेड को भुगतान ₹ 50,000 का एक चेक देकर तथा शेष के लिए ₹ 100 प्रत्येक के 6% ऋणपत्रों को 20% बट्टे पर निर्गमित करके किया गया ।

उपरोक्त लेन-देनों के लिए महेश लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । **3**

अथवा

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

17. Nita, Mita and Karan were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 4:3:3. With effect from 1st April, 2023, they agreed to share profits and losses in the ratio of 1:2:2. On that date, there was a General Reserve of ₹ 70,000 in the books of the firm. It was agreed that :

(i) Goodwill of the firm be valued at ₹ 1,00,000.

(ii) Loss on revaluation of assets and re-assessment of liabilities amounted to ₹ 40,000.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of the firm. **3**

18. (a) Aayush and Krish are partners sharing profits and losses equally. They decided to admit Vansh for an equal share in the profits. For this purpose, the goodwill of the firm was to be valued at four years purchase of super profits.

The balance sheet of the firm on 31.3.2023 before admission of Vansh was as follows :

Balance Sheet of Aayush and Krish as on 31.3.2023

Liabilities		Amount (₹)	Assets	Amount (₹)
Capitals :			Machinery	75,000
Aayush	90,000		Furniture	15,000
Krish	50,000	1,40,000	Stock	30,000
General Reserve		20,000	Debtors	20,000
Loan		25,000	Cash	50,000
Creditors		5,000		
		1,90,000		**1,90,000**

The normal rate of return is 12% per annum. Average profit of the firm for the last four years was ₹ 30,000. Calculate Vansh's share of Goodwill. **3**

OR

(b) Varun, Tarun, Arun and Barun were partners in a firm sharing profits in the ratio of 5:3:2:2. Arun retired on 31st March, 2023. Varun, Tarun and Barun decided to share future profits equally. On Arun's retirement, Goodwill of the firm was valued at ₹ 9,00,000. Showing your workings clearly, pass the necessary Journal entry for treatment of Goodwill on Arun's retirement without opening goodwill account. **3**

19. (a) Mahesh Ltd. purchased Plant and Machinery from Ish Ltd. for ₹ 4,50,000. ₹ 50,000 was paid by cheque to Ish Ltd. and the balance by issuing 6% debentures of ₹ 100 each at a discount of 20%.

Pass the necessary Journal Entries for the above transactions in the books of Mahesh Ltd. **3**

OR

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

(b) मणिका लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 500 अंशों/शेयरों का हरण (Forfeit) ₹ 20 प्रति अंश/शेयर की प्रथम याचना तथा ₹ 25 प्रति अंश/शेयर की दूसरी तथा अंतिम याचना का भुगतान नहीं करने पर कर लिया । इनमें से 250 अंशों/शेयरों को ₹ 50 प्रति अंश/शेयर पर पूर्ण प्रदत्त पुनःनिर्गमित कर दिया गया । अंशों/शेयरों के हरण (Forfeit) तथा पुनःनिर्गमन की रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । **3**

20. राजेश और अनु एक फ़र्म के साझेदार थे तथा 1:2 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे । उनकी स्थायी पूँजी क्रमशः ₹ 6,00,000 तथा ₹ 3,00,000 थी । वर्ष के खाते तैयार करने के बाद यह ध्यान दिया गया कि लाभों के विभाजन से पूर्व साझेदारी संलेख के अनुसार 12% वार्षिक दर से पूँजी पर ब्याज दिया जाना था; जिसे साझेदारों के पूँजी खातों में जमा नहीं किया गया ।
आवश्यक समायोजन रोज़नामचा प्रविष्टि कीजिए । अपने कार्य को स्पष्टता से दर्शाइए । **3**

21. राम, रवि तथा रोहन साझेदार थे तथा 2:3:1 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 31 मार्च, 2023 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार था :

31.3.2023 को राम, रवि तथा रोहन का स्थिति विवरण

देयताएँ		राशि (₹)	परिसम्पत्तियाँ		राशि (₹)
लेनदार		3,62,000	नगद		14,000
सामान्य संचय		18,000	बैंक		2,96,000
पूँजी :			स्टॉक		80,000
राम	1,00,000		देनदार	3,00,000	
रवि	2,00,000		घटा : संदिग्ध ऋणों के		
रोहन	3,00,000	6,00,000	लिए प्रावधान	10,000	2,90,000
			निवेश		50,000
			भूमि		2,50,000
		9,80,000			**9,80,000**

30 सितम्बर, 2023 को रोहन की मृत्यु हो गई । एक साझेदार की मृत्यु पर साझेदारी संलेख में निम्न का प्रावधान था :

(i) ख्याति की गणना पिछले तीन वर्षों के औसत लाभ के दो वर्षों के क्रय के आधार पर की जायेगी । पिछले तीन वर्षों के लाभ थे : 2020-21 ₹ 45,000; 2021-22 ₹ 90,000 तथा 2022-23 ₹ 1,35,000.

(ii) मृत्यु की तिथि तक मृतक साझेदार के लाभ की गणना पिछले तीन वर्षों के औसत लाभ के आधार पर की जायेगी ।

रोहन के उत्तराधिकारियों को प्रस्तुत करने के लिए उसका पूँजी खाता तैयार कीजिए । **4**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

(b) Manika Ltd. forfeited 500 shares of ₹ 100 each for non-payment of first call of ₹ 20 per share and second and final call of ₹ 25 per share. 250 of these shares were reissued at ₹ 50 per share fully paid up. Pass the Journal Entries for forfeiture and reissue of shares. **3**

20. Rajesh and Anu were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 1:2. Their fixed capitals were ₹ 6,00,000 and ₹ 3,00,000 respectively. After the accounts for the year were prepared, it was noticed that interest on capital @ 12% p.a., as provided in the partnership deed, was not credited to the capital accounts of partners before distribution of profits.

Pass the necessary adjusting journal entry. Show your workings clearly. **3**

21. Ram, Ravi and Rohan were partners sharing profits in the ratio of 2:3:1. On 31st March, 2023, their Balance Sheet was as follows :

Balance Sheet of Ram, Ravi and Rohan as on 31.3.2023

Liabilities		Amount (₹)	Assets		Amount (₹)
Creditors		3,62,000	Cash		14,000
General Reserve		18,000	Bank		2,96,000
Capitals :			Stock		80,000
Ram	1,00,000		Debtors	3,00,000	
Ravi	2,00,000		Less : provision for doubtful debts	10,000	2,90,000
Rohan	3,00,000	6,00,000	Investments		50,000
			Land		2,50,000
		9,80,000			**9,80,000**

Rohan died on 30th September, 2023. On the death of a partner the partnership deed provided for the following :

(i) Goodwill was to be valued at two years purchase of average profit of last three years. The profits for the last three years were : 2020-21 ₹ 45,000, 2021-22 ₹ 90,000 and 2022-23 ₹ 1,35,000.

(ii) Deceased partner's share of profit till the date of his death will be calculated on the basis of average profit of last three years.

Prepare Rohan's Capital Account to be rendered to his executors. **4**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

22. रोनित लिमिटेड ₹ 100 प्रत्येक के 75,000 अंशों/शेयरों में विभक्त ₹ 75,00,000 की अधिकृत पूँजी के साथ पंजीकृत थी । कम्पनी ने 45,000 अंशों/शेयरों के निर्गमन के लिए आवेदन आमंत्रित किए ।
राशि का भुगतान निम्न प्रकार से देय था :
आवेदन पर – ₹ 30 प्रति अंश/शेयर, आबंटन पर – ₹ 30 प्रति अंश/शेयर, प्रथम याचना पर – ₹ 25 प्रति अंश/शेयर तथा शेष अन्तिम याचना पर ।
42,000 अंशों/शेयरों के लिए आवेदन प्राप्त हुए तथा सभी आवेदकों को आबंटन कर दिया गया । चारवी, जिसे 3,300 अंशों/शेयरों का आबंटन किया गया था, दोनों याचनाओं का भुगतान करने में असफल रही । उसके अंशों/शेयरों का हरण (Forfeit) कर लिया गया ।
कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III, भाग I के अनुसार कम्पनी के स्थिति विवरण में अंश/शेयर पूँजी प्रस्तुत कीजिए । खातों के नोट्स भी बनाइए । **4**

23. (a) अनिकेश तथा भावेश एक फ़र्म के साझेदार हैं तथा 7:3 के अनुपात में लाभ बाँटते हैं । 31 मार्च, 2023 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार था :

31 मार्च, 2023 को अनिकेश तथा भावेश का स्थिति विवरण

देयताएँ		राशि (₹)	परिसम्पत्तियाँ		राशि (₹)
